विद्यार्थियों की कार्य कुशलता बढ़ाने पर दिया जा रहा जोर : प्रो. सिंह

आम्रपाली संस्थान में आयोजित विमर्श कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि और विद्यार्थी ● जागरण

जासं, हल्द्वानी : विश्वविद्यालय कई आनलाइन कोर्स एवं कौशल परक कोर्स को पत्राचार मोड में आयोजित कर रहा है। ताकि विद्यार्थियों की कार्य कुशलता बढाई जा सके। यह बात आम्रपाली संस्थान में विमर्श 2.0 में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कही। मंगलवार को आम्रपाली के अतिरिक्त बिडला इंस्टीट्यूट आफ एप्लाइड साइंसेज भीमताल, सरस्वती इंस्टीट्यूट रुद्रपुर व काशीपुर के विद्यार्थी व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में आम्रपाली के कुलसचिव डा. पंकज शाह, सचिव नरेंद्र ढींगरा, कोषाध्यक्ष बिंदू चावला, प्रो. एमके पांडे, प्रो. एसके सिंह, डा. संजना तिवारी, डा. एमके शर्मा आदि मौजूद रहे।